087/X/SA2/05/B1

# Class - X

# SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : **13**

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

1. Which one of the following became the female allegory of the German Nation ? **1**

(a) Marianne (b) Germania

(c) Britannia (d) Mazzini

**OR**

Which one of the following was the reason behind the entry of US into the war in Vietnam ? **1**

(a) Fear of spread of communist governments around the world.

(b) Fear of Vietnam gaining independence

(c) Fear of French gaining control of Vietnam

(d) Fear of division of Vietnam

2. Which one of the following was NOT implemented under the Treaty of Vienna of 1815 ? **1**

(a) Restoration of Bourbon dynasty

(b) Setting up of series of states on the boundadries of France

(c) Restoration of monarchies

(d) Diluting the German confederation of 39 states

**OR**

Which one of the following countries does not comprise Indo-China ? **1**

(a) Thailand

(b) Vietnam

(c) Laos

(d) Cambodia

3. Which one of the following statement is NOT align with the basic concept of 'Satyagraha'? **1**

(a) Emphasis on the power of truth.

(b) Emphasis on the need to restrain oneself.

(c) Emphasis on non-violence.

(d) Emphasis on enduring the British dominance.

4. Which one of the following was the main reason behind the start of the Non-Cooperation Movement in 1920 ? **1**

(a) To fulfill the demand for Swaraj.

(b) To oppose the arrival of prince of Wales.

(c) To surrender the titles vested by British .

(d) To Boycott the civil services, army, police, courts and legislative councils.

5. Which one of the following non-conventional sources of energy is harnessed in the Parvati Valley near Manikaran in Himachal pardesh ? **1**

(a) Tidal Energy

(b) Geothermal Energy

(c) Wind Energy

(d) Solar Energy

**6.** Which one of the following factors is responsible for the suger mills to shift and concentrate in the southern and western states of India ? **1**

(a) Sugarcane is bulky raw material.

(b) The sucrose content reduces with distance.

(c) The cane produced has higher sucrose content.

(d) The cooperatives are not successful.

**7.** Which one of the following air services provides services to Oil and Natural Gas Commission in its off-shore operations ? **1**

(a) Indian Airlines (b) Air India

(c) Pawanhans Helicopters LTD (d) Alliance Air

**8.** Which one of the follwing is considered as the First Class Mail by the Indian postal network ? **1**

(a) Cards and envelopes (b) Registered periodicals

(c) Book packets (d) Registered newspapers

**9.** Which one of the following statements is NOT true about the Public Interest Groups ? **1**

(a) They promote collective rather than selective good.

(b) They aim to help groups other than their own members.

(c) They undertake activity that benefits them as well as others too.

(d) Their Principal concern is the betterment and wellbeing of their members

**10.** Which one of the following features is NOT common in most of the democracies of the world ? **1**

(a) They hold elections

(b) They have formal constitution

(c) They are efficient and effective

(d) They guarantee rights to the citizens

**11.** Which one of the following is a better way of carrying out political reforms in a democratic country ? **1**

(a) The Legal changes

(b) The Constitutional changes

(c) The empowerment of people

(d) The legislation for reforms

**12.** Which one of the following is a desirable condition that a good democracy should have ? **1**

(a) Eliminates discrimination based on gender, cast and religion.

(b) Rulers take all the major decision.

(c) Rulers are elected by the people.

(d) Providing right to vote.

**13.** Which one of the following constitutes money in modern day economy ? **1**

(a) Gold (b) Silver

(c) Interest (d) Demand Deposits

**14.** Which one of the following is NOT responsible for the greater choice of goods in the market for the consumers ? **1**

(a) Increased foreign trade.

(b) Increased foreign investment

(c) Multi-National Companies

(d) World Trade Organization

**15.** Which one of the following is NOT under the domain of a consumer protection council ? **1**

(a) They guide consumers on how to file cases.

(b) They represent individual consumers in the consumer courts.

(c) They receive financial support from the governmet

(d) They can impose fine on producers

**16.** Which one of the following quality certification is obtained by food processing companies ? **1**

(a) Agmark (b) ISI (c) ISO (d) Hallmark

**17.** State any three measures and practices introduced by French revolutionaries to create a sense of collective identity amongst the French people. **3x1=3**

**OR**

Explain the views of Paul Bernard regarding the development of colonies. **3**

**18.** How did the idea of nationalism develop through a movement to revive Indian folklore ? Give three points. **3x1=3**

**19.** Describe any three factors which play a very important role in turning a mineral reserve into a mine. **3x1=3**

**20.** "Energy saved is energy produce". Justify this statement with three examples. **3x1=3**

**21.** What are border roads ? Explain any two points of importance of construction of border roads. **3x1=3**

**22.** "The relationship between political parties and pressure groups can take different forms" Support the statemnt with three points. **3x1=3**

**23.** How do political parties shape public opinion ? Explain with three examples. **3x1=3**

**24.** "There is lack of internal democracy within the political parties". Justify the statement with three arguments. **3x1=3**

**25.** "The challenge of expansion is being faced by the most of the democratic countries". Support the statement with three suitable facts. **3x1=3**

26. Which institution supervises the functioning of formal sources of credit in India ? How it supervise them ? State any two points. **1+2=3**

27. Explain the term 'debt-trap'. Why is it more rampant in rural areas ? Give two seasons. **1+2=3**

28. How the globalization and greater competition amongst the producers have been of advantage to the consumers ? Explain any three points in this regard. **3x1=3**

29. Explain with examples how the opening up of foreign trade results in connecting the markets of different countries. **3x1=3**

30. "Till mid eighteenth century there were no nation states in Europe". Support the statement with four examples. **4x1=4**

**OR**

Explain any four effects of the Vietnam War within the US itself. **3x1=3**

31. State any two hopes and expectations of the industrial working class from the Civil Disobedience Movement. Explain any two reasons why the Congress was not interested in including their demands. **2+2=4**

32. Explain any four factors responsible for the development of iron and steel industries in the Chotanagpur plateau region of the country. **4x1=4**

33. 'Democracies are successful in reducing inequality and poverty'. Justify the statement with four suitable arguments. **4x1=4**

34. Describe the two features each of consumer's 'right to safety' and 'right to represent'. **2+2=4**

35. Two features (A) and (B) are marked on the given plolitical outline map of India. Identify these features with the help of following information and write their correct names on the lines marked in the map. **1+1=2**

**A.** The place where Non-Cooperation Movement was called off

**B.** The place where Indian National Congress Session was held in December 1920.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same political outline map of India : **1+1=2**

**i.** Ahamedabad - The place of cotton mill workers satyagraha

**ii.** Amritsar - The place where Jallianwala Bagh incident took place.

**Note :** The following question is for the visually impaired candidates only in lieu, of Q.No.35. **1+1=2**

**(35.1)** Name the Indian National Congress Session which was held in December 1920 ?

**(35.2)** Name the place where cotton mill workers satyagraha started.

**36.** Three features (A), (B) and (C) are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of following information and write their correct names on the lines marked in the map. **1+1+1=3**

**A.** An Important lignite coal field

**B.** An Iron and steel plant

**C.** Terminal station of East-West Corridor

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same political outline map of India : **1+1+1=3**

**i.** Anantnag - Silk Centre

**ii.** Tarapur - Nuclear Power Station

**iii.** Raja Sansi - International Airport.

**Note :** The following questions are for the visually impaired candidates only; in lieu of Q.No.36. **1+1+1=3**

**(36.1)** Name the eastern terminal station of East-West Corridor

**(36.2)** In which state is Tarapur Nuclear Power station located?

**(36.3)** Name the city where Raja Sansi International Airport is situated.

**- o O o -**

**1.** निम्नलिखित में से कौन सी नारी जर्मन राष्ट्र का रुपक बन गई ? **1**

(a) मारीआन (b) जर्मेनिया (c) ब्रितानिया (d) मेत्सिनी

**अथवा**

वियतनाम युद्ध में अमरीका के शामिल होने का निम्नलिखित में से कौन–सा कारण था ? **1**

(a) दुनिया भर में कम्युनिस्ट सरकारें स्थापित होने का डर।

(b) वियतनाम के स्वतंत्र होने का डर।

(c) वियतनाम पर फ्रान्स के नियंत्रण का डर।

(d) वियतनाम के विभाजन का डर।

**2.** 1815 की वियना सन्धि के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसे लागू नहीं किया गया ? **1**

(a) बूर्बों वंश की पुर्नस्थापना

(b) फ्रांस की सीमाओं पर राज्यों को कायम करना

(c) राजतंत्रों की पुनर्स्थापना

(d) 39 राज्यों के जर्मन महासंघ को कमजोर करना

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौनसा देश इन्डो चाइना में नहीं आता ? **1**

(a) थाइलैण्ड (b) वियतनाम (c) लाओस (d) कम्बोडिया

**3.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्याग्रह के आधारभूत सिद्धान्त के अनुकूल नहीं है ? **1**

(a) सत्य की शक्ति पर बल देना

(b) स्वयं पर काबू रखने की आवश्यकता पर बल देना

(c) अहिंसा पर बल देना

(d) ब्रिटिश प्रभुत्व को सहने पर बल देना

**4.** निम्नलिखित में से असहयोग आन्दोलन के प्रारम्भ होने का मुख्य कारण था ? **1**

(a) स्वराज की मांग को पूरा करना

(b) वेल्स के राजकुमार के आगमन का विरोध करना

(c) ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गई उपाधियों का त्याग करना

(d) लोकसेवा, सेना, पुलिस, अदालतों और विधान परिषदों का बहिष्कार करना

**5.** निम्नलिखित में से किस गैर परम्परागत ऊर्जा के साधन का उपयोग हिमाचल प्रदेश में मनीकरण के निकट पार्वती घाटी में किया जाता है ? **1**

(a) ज्वारीय ऊर्जा (b) यू–तापीय ऊर्जा (c) पवन ऊर्जा (d) सौर ऊर्जा

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कारण चीनी मिलों के भारत के दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों में स्थानान्तरित और संकेन्द्रित होने के लिए उत्तरदायी है? 1

(a) गन्ना भारी कच्चा माल है।

(b) सुक्रोस की मात्रा दूरी के साथ घटती है।

(c) यहां उत्पादित गन्ने में सुक्रोस की मात्रा अधिक होती है।

(d) सहकारी समितियां सफल नहीं हैं।

7. निम्नलिखित में से कौनसी वायु सेवा तेल और प्राकृतिक गैस आयोग को अपतटीय कार्यों में सेवा प्रदान करती है? 1

(a) इन्डियन एयरलाइन्स (b) एयर इन्डिया

(c) पवन हंस हेलीकाप्टर लिमिटेड (d) एलायन्स एयर

8. निम्नलिखित में से किसको भारतीय डाक संचार तंत्र में प्रथम श्रेणी की डाक समझा जाता है? 1

(a) कार्ड व लिफाफे (b) रजिस्टर्ड सामयिक पत्रिकाएं

(c) किताबों के पैकेट (d) रजिस्टर्ड अखबार

9. निम्नलिखित में से कौनसा कथन जन सामान्य के हित समूह के विषय में सत्य नहीं है? 1

(a) वे कुछ चुने हुए हितों के स्थान पर सामूहिक हितों को बढ़ावा देते हैं।

(b) वे अपने सदस्यों के अतिरिक्त अन्य समूहों की सहायता का लक्ष्य रखते हैं।

(c) वे ऐसे गतिविधियां चलाते हैं, जो उन्हें तथा दूसरों को लाभ पहुंचाती है।

(d) उनका मुख्य लक्ष्य अपने सदस्यों की भलाई ही होता है।

10. निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता विश्व के अधिकतर लोकतन्त्रों में एक समान नहीं होती? 1

(a) वे चुनाव करवाते हैं।

(b) उनका औपचारिक संविधान होता है।

(c) वे सक्षम और प्रभावशाली होते हैं।

(d) वे नागरिकों को अधिकारों की गारंटी देते हैं।

11. निम्नलिखित में से कौनसा तरीका किसी लोकतन्त्र में राजनीतिक सुधार लाने के लिए बेहतर है? 1

(a) कानूनी परिवर्तन (b) संवैधानिक परिवर्तन

(c) लोगों का सशक्तिकरण (d) सुधारों के लिए कानून बनाना

12. निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति एक अच्छे लोकतन्त्र के लिए अपेक्षित है? 1

(a) लिंग, जाति, धर्म पर आधारित भेदभाव को समाप्त करना।

(b) सभी मुख्य निर्णय शासक लेते हैं।

(c) शासक, लोगों द्वारा चुने जाते हैं।

(d) वोट देने का अधिकार प्रदान करना।

**13.** निम्नलिखित में से कौन आधुनिक अर्थव्यवस्या में मुद्रा का रूप है? **1**

(a) सोना (b) चांदी (c) ब्याज (d) मांग जमा

**14.** निम्नलिखित में से कौन बाजार में वस्तुओं के लिए उपभोक्ताओं की बड़ी पसन्द के लिए उत्तरदायी नहीं है? **1**

(a) विदेशी व्यापार में वृद्धि (b) विदेशी निवेश में वृद्धि

(c) बहुराष्ट्रीय कम्पनियां (d) विश्व व्यापार संगठन

**15.** निम्नलिखित में से कौन उपभोक्ता संरक्षण परिषद के क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता? **1**

(a) वे उपभोक्ताओं को केस दर्ज कराने के विषय में सलाह देती है।

(b) वे उपभोक्ता अदालतों में उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करती है।

(c) वे सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करती हैं।

(d) वे उत्पादकों पर जुर्माना लगा सकती हैं।

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा गुणवत्ता प्रमाणन खाद्य पदार्थ संसाधन कम्पनियों द्वारा प्राप्त किया जाता है? **1**

(a) एगमार्क (b) आई. एस. आई. (c) आई. एस. ओ (d) हालमार्क

**17.** फ्रांसीसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने में फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों द्वारा अपनाए गए किन्हीं तीन तरीकों का उल्लेख कीजिए। **3x1=3**

**अथवा**

उपनिवेशों के विकास के सम्बन्ध में पॉल बनार्ड के विचारों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

**18.** लोककथाओं को पुनर्जीवित करने के आन्दोलन के माध्यम से राष्ट्रवाद का विचार कैसे विकसित होता है? कोई तीन बिन्दु दीजिए।

**19.** किसी खनिज भण्डार को खान में बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए। **3x1=3**

**20.** ''ऊर्जा बचत ही ऊर्जा उत्पादन है'' तीन उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3x1=3**

**21.** सीमा सड़कें क्या हैं? सीमा सड़कों के निर्माण के महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए। **1+2=3**

**22.** ''राजनीतिक पार्टियों और दबाव समूहों के बीच सम्बन्ध विभिन्न रूप ले सकते हैं।'' तीन बिन्दु देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3x1=3**

**23.** ''राजनीतिक पार्टियां कैसे जनमत निर्माण करती हैं'' तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

**24.** ''राजनीतिक पार्टियों में आन्तरिक लोकतन्त्र की कमी है'' तीन तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3x1=3**

**25.** ''अधिकतर लोकतान्त्रिक देश लोकतन्त्र के विस्तार की चुनौती का सामना कर रहे हैं'' तीन उपयुक्त तथ्यों की मदद से इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3x1=3**

26. भारत में कौनसी संस्था ऋण के औपचारिक स्रोतों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करती है? यह उनका निरीक्षण किस प्रकार करती है? किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। **1+2=3**

27. 'ऋण जाल' शब्द की व्याख्या कीजिए। इसकी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकता क्यों है? कोई दो कारण लिखिए। **1+2=3**

28. वैश्वीकरण और उत्पादकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा किस प्रकार उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी है? इस सम्बन्ध में किन्हीं तीन बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

29. उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि विदेशी व्यापार के खुलने से विभिन्न देशों के बाज़ार किस प्रकार आपस में जुड़े हैं? **3x1=3**

30. ''18 वीं सदी के मध्य तक यूरोप में कोई राष्ट्र राज्य नहीं था'' चार उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। **4x1=4**

**अथवा**

स्वयं अमेरिका में हुए वियतनाम युद्ध के किन्हीं चार प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। **4x1=4**

31. सविनय अवज्ञा आन्दोलन से औद्योगिक कामगार वर्ग की किन्हीं दो आशाओं और अपेक्षाओं का उल्लेख कीजिए। कांग्रेस उनकी मांगों को सम्मिलित करने में रुचि क्यों नहीं रखती थी, कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए। **2+2=4**

32. देश के छोटा नागपुर पठारी क्षेत्र में लोहा और इस्पात उद्योगों के विकास के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए। **4x1=4**

33. ''लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्थाएँ असमानता और गरीबी को कम करने में सफल हैं।'' चार उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की न्यायसंगत पुष्टि कीजिए। **4x1=4**

34. उपभोक्ता के 'सुरक्षा के अधिकार' और 'प्रतिनिधित्व के अधिकार' की दो-दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **2+2=4**

35. दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर दो लक्षण (A) और (B) चिन्हित किए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए और मानचित्र पर चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : **1+1=2**

A. वह स्थान जहाँ असहयोग आन्दोलन वापस लिया गया था।

B. वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**अथवा**

दिए हुए भारत के इसी राजनीतिक रेखामानचित्र पर उपयुक्त संकेतों द्वारा निम्नलिखित को दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए : **1+1=2**

I. अहमदाबाद : सूती कपड़ा मिल के कामगारों के सत्याग्रह का स्थान।

II. अमृतसर : वह स्थान जहां जालियांवाला बाग की घटना हुई थी।

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर है : **1+1=2**

**(35.1)** उस स्थान का नाम लिखिए जहां 1920 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**(35.2)** उस स्थान का नाम लिखिए जहां सूती कपड़ा मिल के कामगारों का आन्दोलन शुरू हुआ था।

**36.** दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर तीन लक्षण (A), (B) और (C) चिन्हित किए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए और मानचित्र पर चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : **1+1+1=3**

(A) लिग्नाइट कोयला का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र।

(B) लोहा और इस्पात का एक सयंत्र।

(C) पूर्वी-पश्चिमी गलियारे का अन्तिम सिरे का स्टेशन।

**अथवा**

दिए हुए भारत के इसी राजनीतिक रेखामानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए : **1+1+1=3**

(I) अनन्तनाग - रेशम वस्त्र उद्योग केन्द्र

(II) तारापुर - नाभिकीय शक्ति केन्द्र

(III) राजा सांसी - अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन


**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न ***केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** के लिए प्रश्न संख्या *36* के स्थान पर हैं : **1+1+1=3**

**36.1.** पूर्व-पश्चिम गलियारे के पूर्वी अन्तिम स्टेशन का नाम लिखिए।


**36.2.** किस राज्य में तारापुर नाभिकीय शक्ति संयंत्र स्थित है?

**36.3.** उस शहर का नाम लिखिए जहां राजा सांसी अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

**35.** Map for and 35 (OR)



**36.** Map for and 36 OR




- o O o -